दिनांकः 11.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- नवगठित एनडीए सरकार में मंत्रालयों का हुआ बंटवारा–गजेन्द्र सिंह शेखावत को पर्यटन और भूपेन्द्र यादव को पर्यावरण मंत्री का जिम्मा।
- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बनेंगे तीन करोड़ घर।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार के सौ दिन के कामों की आज करेंगे समीक्षा।
- प्रदेश में बीते 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा।

...............

केन्द्र में नवगठित एनडीए सरकार में मंत्रालयों का बंटवारा कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्रालय, अमित शाह को गृह और सहकारिता, निर्मला सीतारमण को वित्त मंत्रालय का जिम्मा सौंपा है। शिवराज सिंह चौहान को कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री बनाया गया है। नितिन गडकरी के पास लगातार तीसरी बार सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का दायित्व रहेगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय की कमान दी गयी है। डॉ. मनसुख मांडविया को खेल और युवा मामले तथा अन्नपूर्णा देवी को महिला और बाल विकास मंत्री बनाया गया है।

राष्ट्रपति भवन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि डॉ. एस जयशंकर को फिर से विदेश मंत्रालय का प्रभार दिया गया है। प्रदेश के चार सांसदों को मंत्री पद मिले हैं। जोधपुर सांसद गजेन्द्र सिंह शेखावत को पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय, अलवर से निर्वाचित सांसद भूपेन्द्र यादव को वन एवं पर्यावरण जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का जिम्मा मिला है। बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल के पास कानून और संसदीय कार्य राज्यमंत्री का प्रभार रहेगा। वहीं अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी को कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री का कार्यभार दिया गया है। अश्विनी वैष्णव को रेल मंत्रालय के साथ–साथ सूचना और प्रसारण तथा आईटी मंत्रालय भी आवंटित किया गया है।

अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने मंत्री पद का जिम्मा मिलने के बाद कहा कि वे लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे और प्रदेश के विकास को नई गति देंगे।

---------

प्रदेश से चार मंत्री बनाए जाने पर लोगों में उत्साह का माहौल है। हमारे बीकानेर संवाददाता ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है।

-------------

केन्द्र सरकार आवास की जरूरतों को पूरा करने के लिए घरों के निर्माण के लिए तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को सहायता देगी। कल नई दिल्ली में सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में इस बारे में फैसला लिया गया। सरकार ने पात्र ग्रामीण और शहरी परिवारों को बुनियादी सुविधाओं वाले घरों के निर्माण के लिए 2015 से प्रधान मंत्री आवास योजना लागू की है। योजना के तहत पिछले दस सालों में पात्र गरीब परिवारों के लिए कुल 4 करोड़ 21 लाख घर बनाये गये। इनमें शौचालय, एलपीजी, नल और बिजली कनेक्शन तथा अन्य बुनियादी सुविधाएं भी दी जाती हैं।

...............

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उन्होंने हमेशा प्रधानमंत्री कार्यालय को सेवा के केंद्र और जनता के पीएमओ के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया है। तीसरी बार प्रधान मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद पीएमओ के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश ने जो हासिल किया है, उससे और अधिक हासिल करना है। देश को नई

ऊंचाइयों पर ले जाना है। प्रधानमंत्री ने सरकारी कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें जीत का हकदार बताया।

............

केंद्र सरकार ने राज्यों को जून महीने के लिए एक लाख उनतालिस हजार करोड़ रुपये से अधिक की कर धनराशि जारी की है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि टैक्स हिस्सेदारी की इस राशि से राज्य सरकारों को सामाजिक कल्याण और बुनियादी ढांचे के विकास में तेज़ी लाने में मदद मिलेगी। इसमें उत्तर प्रदेश को सर्वाधिक 25 हजार करोड़ रूपये से अधिक दिए गए हैं। राजस्थान को आठ हजार 421 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मिलेगी। जून महीने की इस किश्त के साथ ही केंद्र ने राज्यों को दो लाख उनासी हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि दे दी है। 2024–25 के अंतरिम बजट में राज्यों को करों के हस्तांतरण के लिए लगभग बारह लाख 20 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान है। मंत्रालय ने यह भी कहा है कि नियमित हस्तांतरण के अलावा, इस महीने धनराशि की एक अतिरिक्त किस्त भी जारी की जाएगी।

..............

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जयपुर में एक बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय में होने वाली इस बैठक में राज्य सरकार के बजट और विभिन्न घोषणाओं की क्रियान्विती की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही सरकार की सौ दिन की कार्य योजना के तहत हुए कामों पर भी चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत और विभिन्न विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कल नई दिल्ली में कई केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात की। श्री शर्मा ने रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और परिवहन मंत्री सहित अन्य मंत्रियों से शिष्टाचार भेंट की।

..............

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। इसके तहत आज हम आपको बताने जा रहे हैं, संगठित अपराधों पर नकेल कसने के लिए नये कानूनों में किये गये प्रावधानों के बारे में।
भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 111 संगठित अपराध को परिभाषित करती है। इनमें अपहरण, डकैती, साइबर और कई अन्य अपराधों को लक्षित किया जाता है, जो अपराध या तो स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं थे या पिछले कानून में मौजूद नहीं थे, उन्हें एक अलग धारा 112 के तहत छोटे संगठित अपराध के रूप में रखा गया है, जो साफतौर पर स्नैचिंग, शॉप लिफ्टिंग, सट्टेबाजी और परीक्षा पत्र बेचने जैसे अपराधों को परिभाषित करता है। ये सभी गतिविधियां अब दंडनीय हैं।

..............

भारत–पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अनूपगढ़ जिले के समेजा कोठी क्षेत्र के गांव 79 एनपी से तीन किलो हेरोइन बरामद की गयी है। पुलिस ने इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त हेरोइन की कीमत 15 करोड़ रुपये से अधिक की बताई गयी है। ये हेरोइन पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए गिराई गई थी।

..............

प्रदेश में बीते 24 घंटों में कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की बारिश हुई। बांसवाड़ा, बाड़मेर, भरतपुर, बालोतरा सहित अन्य स्थानों पर हुई बरसात के बाद मौसम खुशनुमा हो गया। वहीं कई स्थानों पर तेज गर्मी का असर रहा। टोंक के वनस्थली में अधिकतम तापमान 44 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जैसलमेर और हनुमानगढ़ में भी धूप की तपिश से लोग परेशान रहे। करौली, राजधानी जयपुर और भीलवाडा में फिलहाल बादल छाये हुए हैं और ठंडी हवाओं का दौर जारी है। तापमान में आई गिरावट से लोगों को उमस से राहत मिल रही है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज कोटा, उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बारिश के आसार हैं।

..............